शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा-2, जगदलपुर, जिला-बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिन कोड 494001

Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

Telephone 07782-229213, Fax 07782-229037 Website: www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक/ PRO-1 /625/सा.प्रशा./पी.आर.ओ./2023 जगदलपुर, दिनांक 28.06.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

5 नवीन महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, विश्वविद्यालय के पोर्टल में 10 जुलाई तक कर सकेंगे ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन, 31 जुलाई तक होंगे प्रवेश

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अंतर्गत 5 नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना किया गया है. जिला बस्तर में नवीन शासकीय महाविद्यालय, लोहंडीगुडा, जिला बीजापुर में नवीन शासकीय महाविद्यालय, कुटरू, जिला नारायणपुर में नवीन शासकीय महाविद्यालय, छोटेडोंगर, जिला कोंडागांव में नवीन शासकीय महाविद्यालय, धनौरा एवं नवीन शासकीय महाविद्यालय, मर्दापाल प्रारंभ किया गया है. प्रत्येक नवीन महाविद्यालय में बी.ए. (कला संकाय) में 90 सीट, बी.एस-सी. (विज्ञान समूह) में 45 सीट, बी.एस-सी. (गणित समूह) में 45 सीट, बी.कॉम. में 90 सीट निर्धारित है. इस प्रकार, 5 नवीन शासकीय महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बी.ए., बी.एस-सी. एवं बी.कॉम. में प्रवेश हेतु कुल 1350 सीट स्वीकृत किया गया है.

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर द्वारा उक्त 5 नवीन महाविद्यालयों में छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार स्वीकृत स्नातक पाठ्यक्रम (बी.ए., बी.एस-सी. एवं बी.कॉम.) के प्रथम वर्ष में सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल www.bvvjdpexam.in पर द्वितीय चरण (Phase-II) में ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करने की प्रकिया प्रारंभ कर दिया गया है.

द्वितीय चरण में ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करने, त्रुटि सुधार करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई, 2023 है. निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची पोर्टल से डाउनलोड करने की तिथि 11 जुलाई, 2023 है. संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा पाठ्यक्रम एवं विषय समूह वार प्रवेश सूची जारी करते हुए प्रवेश प्रक्रिया संपन्न कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2023 है.

जिला बस्तर में नवीन शासकीय महाविद्यालय, लोहंडीगुडा के संचालन, संकाय/विषय प्रारंभ करने, प्रवेश प्रक्रिया संपन्न करने की जिम्मेदारी प्रभारी प्राचार्य, आदर्श स्नातक महाविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को दिया गया है.

जिला बीजापुर में नवीन शासकीय महाविद्यालय, कुटरू के संचालन, संकाय/विषय प्रारंभ करने, प्रवेश प्रक्रिया संपन्न करने की जिम्मेदारी प्रभारी प्राचार्य, शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, बीजापुर को दिया गया है.

जिला नारायणपुर में नवीन शासकीय महाविद्यालय, छोटेडोंगर के संचालन, संकाय/विषय प्रारंभ करने, प्रवेश प्रक्रिया संपन्न करने की जिम्मेदारी प्रभारी प्राचार्य, शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, नारायणपुर को दिया गया है.

जिला कोंडागांव में नवीन शासकीय महाविद्यालय, धनौरा के संचालन, संकाय/विषय प्रारंभ करने, प्रवेश प्रक्रिया संपन्न करने की जिम्मेदारी प्रभारी प्राचार्य, महेश बघेल जी दण्डकारन्य शासकीय महाविद्यालय, केशकाल को दिया गया है.

जिला कोंडागांव में नवीन शासकीय महाविद्यालय, मर्दापाल के संचालन, संकाय/विषय प्रारंभ करने, प्रवेश प्रक्रिया संपन्न करने की जिम्मेदारी प्रभारी प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, कोंडागांव को दिया गया है.

नवीन महाविद्यालयों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेई, सहायक कुलसचिव सी.एल. टंडन, देव चरण गावड़े, केजूराम ठाकुर एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से संपर्क किया जा सकता है. आवेदक नवीन महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु पाठ्यक्रम, विषय/विषय समूह एवं सीट संख्या की जानकारी, ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.bvvjdp.ac.in से अथवा पोर्टल www.bvvjdpexam.in का अवलोकन कर सकते हैं।

(सी. एल. टंडन)
सहायक कुलसचिव (प्रशासन)
एवं जन संपर्क अधिकारी

क्रमांक/ PRO-1 /625/सा.प्रशा./पी.आर.ओ./2023 जगदलपुर, दिनांक 28.06.2023

प्रतिलिपि:-

1. कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ।
3. संपादक/संवाददाता, स्थानीय/लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र/प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया, जगदलपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि आगामी अंक में नि:शुल्क प्रकाशित/प्रसारित करने का कष्ट करेंगे।

(सी. एल. टंडन)
सहायक कुलसचिव (प्रशासन)
एवं जन संपर्क अधिकारी